Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to set up a Horticulture University in Dhar district, Madhya Pradesh -laid.

श्री छतरसिंह दरबार (धार): मध्य प्रदेश में मेरा संसदीय क्षेत्र धार एक आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है तथा यहां के लोगों की जीविका का मुख्य स्रोत खेती एवं पशुपालन है। मध्य प्रदेश के अन्य आदिवासी जिलों झाबुआ, खरगोन, बड़वानी और खंडवा में स्थित धार जिले की मनावर तहसील में एक हॉर्टिकल्चर यूनिवर्सिटी स्थापित किये जाने की आवश्यकता है। इस क्षेत्र में फलों और फूलों की खेती करने की अपार संभावनाएं मौजूद हैं। इस क्षेत्र में नर्मदा परियोजना, ओंकारेश्वर परियोजना तथा माही परियोजना के चलते जल की प्रचुर मात्रा में उपलब्धता यहां के किसानों के लिए एक वरदान है। इस संबंध में सरकार से मेरा आग्रह है कि इस क्षेत्र के उन्नतिशील किसानों के जीवन में गुणात्मक परिवर्तन लाने के लिए हॉर्टिकल्चर विश्वविद्यालय की स्थापना करने की कृपा करें।